हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 नवंबर, 2025

12 हेल्प डेस्क से पेपरलेस रजिस्ट्री के बारे करें जागरूक



12 राज्यस्तरीय बैडमिंटन में भिवानी ने जीता पदक



## खबर संक्षेप



### गीता जयंती महोत्सव में आज होंगी प्रतियोगिताएं

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के अन्तर्गत खंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करवाने के लिए वीरवार को खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़ ने की। बीईओ डॉ. गौड़ ने बताया कि 14 नवंबर को खंड के सभी निजी व सरकारी स्कूल के विद्यार्थी कक्षा 6 से 12 विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि गीता महोत्सव के तहत निबंध लेखन, गीता श्लोकोच्चारण, भाषण, संवाद, प्रश्नोतरी एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्राचार्य रविंद्र वैद्य, प्रवक्ता जितेंद्र शास्त्री, दीपमाला शर्मा, अनीता शर्मा, डॉ. हनीफ, शिवकुमार शास्त्री, मोनिका, बृजमोहन शास्त्री, महेश गौड़, रजनी शर्मा, रामधन शास्त्री, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भूपेंद्र, प्रवीण काठपालिया व राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवॉर्डी मास्टर लक्ष्मण गौड़ आदि मौजूद थे।

### लघु सचिवालय की पार्किंग में आज लगेगा स्वदेशी मेला

**चरखी दादरी।** लघु सचिवालय की पार्किंग में शुक्रवार को सुबह 10 बजे से एक स्वदेशी मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्वयं सहायता समूह सहित विभिन्न संगठनों द्वारा तैयार किए जाने वाले स्वदेशी उत्पादों की लगभग 20 स्टाल लगाई जाएंगी। मेले का शुभारंभ उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल करेंगे। सीटीएम प्रीति रावत ने बताया कि यह भव्य आयोजन आत्मनिर्भर भारत - स्वदेशी मेला की थीम पर आधारित होगा, जिसमें स्वदेशी उत्पादों के साथ मनोरंजन का संगम देखने को मिलेगा। मेले में हस्तशिल्प उत्पाद, पारंपरिक परिधान, गृह सज्जा की वस्तुएं, स्वदेशी सामान, स्वादिष्ट व्यंजन और आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण होंगी।

### पेंशनर्स के हितों के लिए 17 नवंबर को भिवानी में होगी कन्वेंशन

**भिवानी।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ के आह्वान पर पेंशनर्स से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए 17 नवंबर रविवार को भिवानी में महत्वपूर्ण कन्वेंशन होगी। कार्यक्रम सुबह 10 बजे बड़ चौक स्थित सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में संपन्न होगा। कन्वेंशन को लेकर वीरवार को लघु सचिवालय के समक्ष रिटायर्ड कर्मचारी संघ की भिवानी ब्लॉक की बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता भिवानी ब्लॉक प्रधान फतेसिंह ने की। इस दौरान ब्लॉक सचिव दिलबाग जांगड़ा, उपप्रधान बलवान, सहसचिव राजाराम, कोषाध्यक्ष निर्मल कुमार, ब्लॉक पदाधिकारी रत्न कुमार, श्रीकिशन वर्मा व ओमप्रकाश दलाल आदि मौजूद रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए जीवन प्रमाण पत्र बनवाने की मदद भी पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी।

### प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 नवंबर

**चरखी दादरी।** केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से वर्ष 2006 में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार नाम से एक योजना शुरू की थी। इसका उद्देश्य असाधारण और अभिनव कार्यों को स्वीकार करना, मान्यता देना और पुरस्कृत करना है।

## पिछले 18 माह से वेतन व रोजगार से वंचित हैं एलसीएलओ कर्मचारी

# तीन जिलों के एलसीएलओ कर्मियों ने श्रुति चौधरी के आवास का किया घेराव

**विज्ञापन के बावजूद सरकार ने सीपीएलओ का पदनाम बदलकर बनाया एलसीएलओ: जिलाध्यक्ष**


**मांगें जल्द नहीं मानी तो सीटू व किसान सभा साथ मिलकर करेंगे बड़ा प्रदर्शन : कामरेड ओमप्रकाश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विभिन्न मांगों को लेकर वीरवार को सिटिजन इंफॉरमेशन रिसोर्स (क्रीड) विभाग के भिवानी, हिसार व चरखी दादरी तीन जिलों के लोकल कमेटी-लोकल ऑपरेटर (एलसीएलओ) नेहरू पार्क में एकत्रित हुए। इसके उपरांत कर्मचारियों ने रोष स्वरूप कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के निवास का घेराव किया तथा मंत्री श्रुति चौधरी के निजी सचिव दिलबाग के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा। उन्होंने सीपीएलओ में कन्वर्ट करने, नियमित कर्मचारियों के समान वेतन की मांग की। रोष प्रदर्शन व घेराव का नेतृत्व एलसीएलओ यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रवीण व सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार ने किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हजारों एलसीएलओ का नियुक्ति के समय पदनाम बदल दिया गया था। इसके चलते वे 18 माह के वेतन से वंचित हैं। इसी के विरोध में वीरवार को एलसीएलओ ने प्रदर्शन व कैबिनेट मंत्री के आवास का घेराव किया। किसान नेता कामरेड ओमप्रकाश सहित सीटू, किसान सभा व यूनियन नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीयत व नीति सही हो तो सभी मुद्दों को बातचीत से हल किया जा सकता है। सरकार समय रहते एलसीएलओ का मसला हल नहीं करती है तो किसान सभा, सर्व कर्मचारी संघ व सीटू मिलकर संयुक्त आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

- सीपीएलओ को भी केवल छह हजार मिलता है वेतन





**भिवानी।** वेतन व रोजगार न मिलने पर विरोध प्रदर्शन करते व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए एलसीएलओ कर्मचारी।

### 19 सितंबर से कुरुक्षेत्र में धरना

कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन सीटू के बैनर तले मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र कुरुक्षेत्र में 19 सितंबर से दिन-रात का धरना चल रहा है। 29 सितंबर से लगातार क्रमिक अनशन पर बैठे हैं। संगठन के जिला अध्यक्ष प्रवीन ने बताया कि क्रीड विभाग के तहत कर्मचारियों की नियुक्ति हरियाणा की सात हजार ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिवालयों में होनी थी, लेकिन चयन के बाद साढ़े तीन हजार कर्मचारियों के पदनाम बदलकर एलसीएलओ कर दिया, जबकि विज्ञापन सीपीएलओ का था। प्रदर्शन व कैबिनेट मंत्री आवास के घेराव को सीटू जिला सचिव अनिल, सीटू नेता भीम, संजय, किसान नेता कामरेड ओमप्रकाश, ब्लॉक नेता संतोष देशवाल, एलसीएलओ के जिला प्रधान प्रवीन, उपप्रधान आनंद दीक्षित, सचिव रामफल, संतोष, सुमन, सुमित हिसार, राजेश बरवाला व सोमबीर लोहारू आदि ने संबोधित किया।

### पदनाम बदलने से बनी समस्या

कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि सीपीएलओ पदनाम बदलकर एलसीएलओ बनाया, जिसके चलते उन्हें न मानदेय मिल रहा और न ही काम दिया जा रहा है, जबकि सीपीएलओ को केवल 6000 वेतनमान दिया जा रहा है, जो न्यूनतम मजदूरी से भी काफी कम है। यूनियन व मजदूर किसान नेताओं ने कहा कि सरकार को चाहिए कि जल्द एलसीएलओ पद को सीपीएलओ में बदलें ताकि इन कर्मचारियों को रोजगार मिल सकें तथा ये अपने परिवार का भरण-पोषण करने में सक्षम हो सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी ये मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक उनका आंदोलन यूंही जारी रहेगा। उन्होंने ऐलान किया कि वे संयुक्त किसान मोर्चा व ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 26 नवंबर को होने वाले देशव्यापी रोष प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे।



बाढ़डा। बिजली विभाग के एसडीओ को ज्ञापन देते किसान। फोटो : हरिभूमि

## बिजली निगम के एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

# किसान चार साल से कर रहे ट्यूबवेल कनेक्शन का इंतजार

- पैसे जमा करवाने पर भी नहीं मिला कनेक्शन, किसानों ने तत्काल देने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

उपमंडल के जुई कस्बे के साथ लगते काकड़ौली हुक्मी, जीतपूरा, भारीवास व उमरवास के किसानों ने चार साल पहले भारी भरकम राशि जमा करवाई और इसके बावजूद उन्हें ट्यूबवेल कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे, जिसको लेकर किसानों में रोष बना हुआ है। गुरुवार को बिजली निगम के एसडीओ को ज्ञापन देकर तत्काल प्रभाव से ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने की मांग की ताकि किसान अच्छे ढंग से अपनी खेतीबाड़ी कर सकें। किसान जुई बिजली निगम कार्यालय पहुंचे और उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ये क्षेत्र पूरी तरह कृषि पर निर्भर हैं और फसल सिंचाई के लिए किसानों को न के बराबर नहरी पानी मिल रहा है। इस क्षेत्र के जुई कस्बे के साथ लगते काकड़ौली हुक्मी, जीतपूरा, भारीवास व उमरवास के किसानों ने वर्ष 2021 में उपमंडल कार्यालय जुई में ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए लाखों रुपयों के साथ आवेदन किए थे, लेकिन आज तक उन्हें बिजली के खंभे, तार व ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं करवाए गए, जिससे किसानों को फसल सिंचाई के लिए परेशानी से जूझना पड़ रहा है।

### मिला आश्वासन

सभी किसानों ने बिजली निगम के एसडीओ को ज्ञापन देकर तत्काल प्रभाव से कनेक्शन जारी करने की मांग की। एसडीओ ने जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया। इस मौके पर गांव काकडोली हुक्मी निवासी तेजवीर काकडोली, अतरसिंह, अनिल मोटू, पवन कुमार, रणधीर सिंह, रणबीर जोडियां, अंकित, सतपाल फौजी, तेजपाल, संदीप, पवन, विनोद, अंकित, राजबीर, लीला, रणबीर, रणधीर सिंह व संदीप आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** सरदार पटेल की याद में होने वाली एकता पदयात्रा को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते डीसी साहिल गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

**सरदार वल्लभभाई पटेल को करेंगे याद**

# एकता पदयात्रा आज, नेकीराम शर्मा लाइब्रेरी से शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उपायुक्त साहिल गुप्ता ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में माई भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे पंडित नेकीराम शर्मा लाइब्रेरी से एकता पदयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रत्येक वर्ग के नागरिक व युवा शामिल होंगे। एकता पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। पदयात्रा के दौरान लोगों को राष्ट्रीय एकता, भाईचारे एवं आत्मनिर्भर भारत, नशामुक्ति, स्वच्छता एवं स्वदेशी संकल्प के बारे में जागरूक किया जाएगा। डीसी गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली पदयात्रा को लेकर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप रहे थे। एकता पदयात्रा किरोड़ीमल पार्क होते हुए घंटाघर चौक, हांसी गेट, रेस्ट हाउस रोड, राजकीय महाविद्यालय के सामने से होते हुए गांव राजपुरा खरकड़ी में पहुंचेगी।

### मंत्री व विधायक आएंगे

एकता पदयात्रा में मंत्री श्रुति चौधरी, भिवानी से विधायक घनश्यामदास सर्राफ व बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि शामिल होंगे। इस दौरान सीटीएम अनिल कुमार, डीएसपी अनूप कुमार, माई भारत के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव, उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर, जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव, टीएम भरतपाल, भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, रमेश पचेरवाल व रेखा राघव, एडवोकेट राजबाला श्योराण आदि मौजूद थे।

### नोटों के पैकेट चोरी करने में गिरफ्तार

**बहल।** थाना बहल पुलिस ने गिफ्ट गैलरी से 60 हजार रुपये के नोट के बंडल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। राकेश निवासी बहल ने थाना बहल पुलिस को शिकायत दी थी जिसमें बताया कि मेन बाजार बहल में गिफ्ट गैलरी की दुकान की हुई है।

नौ नवम्बर की शाम को एक अनजान व्यक्ति दुकान पर आया था जिसने नए नोटों की माला लेने के बाद नए नोटों के पैकेट लेने की बात कही थी। शिकायतकर्ता ने 60 हजार रुपये के नोट के पैकेट काउंटर से चुरा लिए। मुख्य सिपाही देवेंद्र कुमार ने गोविंद पुत्र प्रवीण निवासी हिसार को गिरफ्तार किया है।

# बाबा मुंगीपा गोशाला में आग की भेंट चढ़ा गोवंश का चारा

**तोशाम।** तोशाम की बाबा मुंगीपा गोशाला की गायों के चारे की पुलियों में बुधवार देर शाम आग लग गई, जिससे गोशाला को काफी नुकसान हो गया। गोशाला प्रधान ने किसी व्यक्ति द्वारा पुलियो में आग लगाने की आशंका जताई है, जिसकी शिकायत प्रधान सतपाल दूहन ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तोशाम के एसडीएम रवि कुमार मीणा को दी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आग लगाने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा गोशाला के हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलवाया जाए। उल्लेखनीय है कि बुधवार देर शाम गांव सागवान मार्ग स्थित बाबा मुंगीपा गोशाला की गायों के चारे के लिए रखी पुलियों में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि आग की लपटे करीबन 1 किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रही थी और आगजनी में सभी पुलिया जलकर राख हो गई, जिससे गोशाला को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है।

- प्रधान ने किसी की साजिश का आरोप लगा सौंपी शिकायत



**तोशाम।** गोवंश के चारे में लगी आग।

### मंत्री श्रुति चौधरी आज कई कार्यक्रमों में करेंगी शिरकत

**तोशाम।** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी 14 नवंबर शुक्रवार को तोशाम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर लोगों से रूबरू होंगी। यह जानकारी एडवोकेट हरि सिंह सांगवान व प्रदीप गोलागढ़ ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि श्रुति चौधरी सुबह 10 बजे गोलागढ़ में पूर्व मंत्री चौधरी सुरेंद्र सिंह के जन्मोत्सव के पूर्व दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। वही 11 बजे पूर्व मंत्री चौधरी सुरेंद्र सिंह के जन्मोत्सव पर कैरू ब्लॉक के सरपंच एसोसिएशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ करेंगी। दोपहर 12 बजे तोशाम में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करेंगी। इसी क्रम में दोपहर 1 बजे राजपुरा खरकड़ी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित जिलास्तरीय सद्भावना यात्रा के समापन समारोह में शिरकत करेंगी। वहीं दोपहर 2 बजे तोशाम में हिंदुवान श्मशान भूमि में त्रिवेणी पौधारोपण करेंगी।

- रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, सद्भावना यात्रा व पौधारोपण कार्यक्रम में होंगी शामिल

**2.5 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी**

# डीटीपी ने सिवानी में हिसार और राजगढ़ रोड पर 5 दुकानें की सील

**भिवानी।** अवैध निर्माण हटाओ अभियान के तहत नगर योजनाकार विभाग ने उपायुक्त साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार मौजा सिवानी में हिसार-राजगढ़ रोड पर लगभग 2.5 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी में बनी पांच दुकानों को सील किया। उल्लेखनीय है कि जिला नगर योजनाकर विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है और अवैध निर्माण हटाने का अभियान जारी है। इस दौरान जिला नगर योजनाकर विभाग द्वारा लोगों को समझाया जा रहा है कि वे जिले में सरकारी जमीन पर कहीं भी नियंत्रित क्षेत्र एवं हरित पट्टी व अनाधिकृत कॉलोनी में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें। इसी कड़ी में मौजा सिवानी में हिसार-राजगढ़ रोड पर 2.5 एकड़ में बनी अवैध कॉलोनी में बनी पांच दुकानों को सील किया गया है। मौजा सिवानी के किला खसरा नंबर 8//23/2/1, 12//3/2/1, 8/1/2/2/2, 3/1/2, 9/1/1 में फैली अवैध कॉलोनी में कोई व्यक्ति प्लॉट, मकान व दुकान आदि का क्रय-विक्रय न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।





डीटीपी द्वारा सील की गई दुकानें व लगाई गई सील।

**जागरूकता** भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# प्रकृति की रक्षा में भगवान बिरसा मुंडा का अहम योगदान: बेदी

**हमें अपनी प्राचीन संस्कृति और विरासत को बचाना है : कृष्ण कुमार बेदी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने न केवल आदिवासी समाज को बल्कि जनमानस को जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए जागृत करने का काम किया। वे महज 25 साल की उम्र में समाज में बहुत बड़ी चेतना लाने का काम कर गए। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित जीवन देने के लिए प्रकृति को बचाना जरूरी है, जिसमें युवाओं को आगे आना होगा। बेदी वीरवार को भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर चौ. बंसीलाल विवि में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित लोगों को संबोधित करते मंत्री।

### अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने प्रकृति को बचाने को लेकर समाज में नई अलख जगाने का काम किया। उनकी सोच को आगे बढ़ाना व जिंदा रखना जरूरी है। मंत्री ने कहा कि आधुनिकता के दौर में अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। हमें प्रकृति के दोहन को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ ही हमारा जीवन संभव है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार योग्यता के आधार पर नौकरी देने का काम कर रही है। ग्रुप डी के पदों की भर्ती के लिए सरकार ने परीक्षा का आयोजन करवाया और परीक्षा में हरियाणवी संस्कृति से संबंधित प्रश्नों को पूछा गया। उन्होंने कहा कि इससे युवा वर्ग को हमारी प्राचीन संस्कृति को जानने की जिज्ञासा और उत्सुकता बढ़ी है।

### महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लें

केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ से प्रो. राजेंद्र प्रसाद मीणा ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अनेक यातनाएं झेली, लेकिन प्राणी मात्र के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लें। अपने विचार प्रकट करते हुए भाजपा जिला प्रधान विरेंद्र कौशिक ने कहा कि अनेक ज्ञात और अज्ञात योद्धाओं ने देश के लिए अपना जीवन कुर्बान किया। युवाओं को उन योद्धाओं के जीवन संघर्ष से परिचित होना चाहिए। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार, कार्यक्रम जिला संयोजक प्रदीप प्रजापति, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मीना परमार व संदीप श्योराण, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल व रेखा राघव, जिला उपाध्यक्ष राजेश जांगड़ा, शालू अरोड़ा, केके ग्रोवर, जिला सचिव लवकेश बंटी, पिंकी नागर, मंडल अध्यक्ष शिवराज, प्रदीप राणा, जगत कौशिक, विक्की महता, जयवीर पुर, ज्ञान गुलाटी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, विजय शर्मा, धर्मबीर दहिया, जोगेंद्र बूरा, अशोक बिडलान, दिनेश वर्मा, धीरज शर्मा, विनोद सरपंच, धर्मबीर दहिया, रेणु बाला सैनी, रमेश सैनी, सुनील बड़ौदा व रमन सैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

haribhoomi.com
बाल दिवस विशेष
हरिभूमि बालभूमि
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
रोहतक, शुक्रवार
14 नवंबर 2025


टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अच्छे-अच्छे कामों के साथ फुल एंज्वॉयमेंट



बच्चो, सोचो जरा चिल्ड्रेंस-डे पर अगर कोई एंजेल आकर तीन विशेज मांगने को कहे तो क्या मांगोगे या फिर अगर कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो क्या करना चाहोगे? ये सवाल **बालभूमि** ने पूछे टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स से। साथ में यह भी पूछा कि वे चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इनके बालभूमि के अपने नन्हे दोस्तों के लिए क्या मैसेज है?

## बच्चों के लिए एक नो-जजमेंट-जोन बनाना चाहूंगा: सुभान खान



**सोनी सब** के शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में बाल कार्तिकेय की भूमिका सुभान खान निभा रहा है। उससे जब पूछा गया कि अगर कोई एंजेल उसकी तीन विशेज पूछे तो वह क्या होगी, उसने एक पल सोचा फिर बोला, 'मेरी पहली विश होगी कि दुनिया में एक भी बच्चा भूखा न रहे। हर बच्चे को शिक्षा मिले। हर बच्चे के चेहरे पर बिग स्माइल हो। एंजेल से मेरी दूसरी विश होगी कि मेरे सारे फैंस और दोस्त खूब टैलेंटेड बनें, उन्हें सक्सेस मिले। मेरी तीसरी विश होगी कि मुझे हमेशा अच्छे शोज में काम करने का मौका मिले ताकि मैं अपने ऑडियंस को एंटरटेन करता रहूं।' सुभान खान को अगर सुपर-पॉवर मिल जाए, तो वह क्या करेगा, पूछने पर वह जवाब देता है, 'अगर मुझे सुपर-पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले यह श्योर करूंगा कि दुनिया के हर बच्चे को राइट-टू-एजुकेशन के साथ, राइट-टू-इमोशनल-सपोर्ट मिले। मैं बच्चों के लिए एक 'नो-जजमेंट-जोन' बनाना चाहूंगा, जहां कोई भी उन्हें उनके लुक्स, मार्क्स या सपनों के लिए जज न करे। उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए पूरी आजादी मिले।' सुभान चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करता है, वह बताता है, 'हम सेट पर ही केक काटते हैं, चॉकलेट्स शेयर करते हैं और जमकर मस्ती करते हैं।' चिल्ड्रेंस-डे के अवसर पर सुभान 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए मैसेज देता है, 'मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि नेवर स्टॉप ड्रीमिंग। आप जो भी बनना चाहते हैं, उसके लिए मेहनत करें। हैप्पी चिल्ड्रेंस-डे।'*

## मेरी विश होगी मुझे ऑस्कर अवार्ड मिले: हरीति जोशी





**हरीति जोशी** इन दिनों सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार निभा रही है। वह हंसते हुए कहती है, 'अगर कोई एंजेल आकर मेरी तीन विशेज पूरी करने की बात कहे, तो मैं उससे पहली विश मांगूंगी कि मुझे ऑस्कर अवॉर्ड मिले, ताकि मेरे परिवार और देश का नाम रोशन हो। मेरी दूसरी विश होगी कि मैं क्रूज वैकेशन पर जाऊं, जहां मैं समंदर के बीच मजे करूं। मेरी तीसरी विश होगी कि हमारा भारत एजुकेशन में दुनिया में सबसे आगे हो, यहां हर बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े और सभी को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले।' हरीति नेचर और एनवॉयर्नमेंट को लेकर भी काफी अवेयर है। वह कहती है, 'अगर मुझे कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले अपने पर्यावरण को बचाना चाहूंगी। मैं पेड़ों को काटने से रोकूंगी, हर जगह पेड़ लगवाऊंगी और नदियों को साफ रखूंगी। मैं चाहूंगी कि हमारी धरती हमेशा हरी-भरी और खूबसूरत रहे।' हरीति ने वैसे तो इस बार चिल्ड्रेंस-डे को लेकर कुछ खास प्लानिंग नहीं की है, लेकिन उसे सेट पर किसी सरप्राइज की उम्मीद है। वह बताती है,'इस बार मैं अपने शो के सेट पर ही चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करूंगी। इसके अलावा मैं स्कूल और अपने घर के आस-पास के बच्चों को चॉकलेट्स भी बांटूंगी।' चिल्ड्रेंस-डे पर हरीति 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को यह मैसेज देती है, 'अपने सभी दोस्तों से मैं यही कहूंगी कि हमेशा खुश रहें, स्ट्रॉन्ग बनें और अपने सपनों को साकार करें। बड़ों की बात मानें, पढ़ाई करें, खेलें और खुश रहें।'*



## सड़क पर रहने वालों के लिए घर बनवाऊंगा: सैयांश गुप्ता

**सोनी सब** चैनल के पॉपुलर शो 'इत्ती सी खुशी' में बनी दिवेकर का रोल निभा रहे सैयांश गुप्ता से जब चिल्ड्रेंस-डे पर किसी एंजेल से मिलने और तीन विशेज पूरी करने के बारे में पूछा जाता है तो वह बड़े भोलेपन से कहता है, 'मैं एंजेल से बहुत सारे खिलौने और टेडी बियर मांगूंगा। मैं दूसरी विश मांगूंगा कि मैं इतना सक्सेसफुल बन जाऊं, जिससे मेरे मम्मी-पापा को मुझ पर प्राउड फील हो। तीसरे विश में मैं एंजेल से सभी के लिए खुशियां मांगूंगा।' अगर सैयांश को सुपर पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, वह बताता है, 'यदि मुझे सुपर पॉवर मिलेगी, तो मैं ऐसे लोगों के लिए घर बनवाऊंगा, जो सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। उन लोगों को खाना खिलाऊंगा, जिन्हें पेटभर खाना नहीं मिल पाता। मैं चाहता हूं कि कोई भी इंसान भूखा या बेघर न रहे।' सैयांश इस बार कुछ अलग ढंग से चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करने की सोच रहा है। वह बताता है, 'मैं हर साल चिल्ड्रेंस-डे अपने फ्रेंड्स के साथ खूब एंज्वॉय करता हूं। इस बार मैं कुछ अलग करना चाहता हूं। मैंने तय किया है कि मैं चिल्ड्रेंस-डे पर जरूरतमंद बच्चों को खाना खिलाऊंगा और पूरा दिन उन्हीं के साथ बिताऊंगा। उनके साथ मेरा दिन भी खास बन जाएगा, क्योंकि मुझे कई सारे चेहरों पर मीठी-मीठी मुस्कुराहट देखने को मिलेगी।'




सैयांश का 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'मैं अपने सभी दोस्तों से यही कहना चाहूंगा कि खूब खाओ-पीयो और मस्ती करो। खूब धमाल मचाओ, लेकिन किसी को परेशान मत करो। आप अच्छे बनकर रहेंगे तो सभी आपके साथ अच्छा व्यवहार करेंगे, आपसे प्यार करेंगे।'* **प्रस्तुति: बालभूमि फीचर्स**

---

प्रेरणा / विनय कुमार पाठक


कुछ बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अपने इनोवेटिव आइडियाज से दूसरों की हेल्प भी करते हैं। इन्हीं लोगों में है अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की किशोरी तेजस्वी मनोज। तेजस्वी को टाइम मैग्जीन ने 'किड ऑफ द ईयर' चुना है।

## सीनियर सिटीजंस को साइबर क्राइम से बचा रही है मल्टी-टैलेंटेड तेजस्वी मनोज



बच्चो, प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन ने अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की 17 वर्षीया तेजस्वी मनोज को 'किड ऑफ द ईयर-2025' चुना है। तेजस्वी अमेरिका के टेक्सास राज्य के लेबनान ट्रेल हाई स्कूल में पढ़ती है। तुम जरूर जानना चाहोगे कि तेजस्वी ने आखिर ऐसा क्या किया, जो उसे यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है।

**तेजस्वी मनोज की उपलब्धि:** तेजस्वी ने कुछ समय पूर्व 'शील्ड सीनियर' नाम की एक वेबसाइट बनाई। इस वेबसाइट पर बुजुर्गों को सिखाया जाता है कि किस तरह वे संदिग्ध ई-मेल या मैसेज को पहचानें और उसकी कहां रिपोर्ट करें? साथ ही साइबर फ्रॉड से कैसे बचें? टाइम मैग्जीन ने 'शील्ड सीनियर' की फाउंडर तेजस्वी को उसकी इस उपलब्धि के लिए न केवल 'किड ऑफ द ईयर' चुना है, साथ ही मैग्जीन में तेजस्वी की इस उपलब्धि और उसके काम पर विशेष आलेख भी प्रकाशित किया गया है।




**कहां से मिली प्रेरणा:** तेजस्वी को 'शील्ड सीनियर' बनाने की प्रेरणा एक घटना से मिली। एक दिन उसने सुना कि साइबर ठगों ने उसके दादाजी को धोखा देने की कोशिश की। यह बात सुनकर तेजस्वी सोच में पड़ गई, 'अगर मेरे दादाजी के साथ ऐसा हो सकता है, तो इससे कितने और बूढ़े लोग परेशान होते होंगे?' उसने इंटरनेट पर खोजबीन शुरू की और पाया कि 2024 में करीब 8,60,000 साइबर स्कैम हुए, जिनसे लोगों के लगभग 16 बिलियन डॉलर ठगे गए। इनमें से एक तिहाई से अधिक रकम 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों से ठगी गई थी। तेजस्वी को यह देखकर बहुत चिंता हुई। उसने निश्चय किया कि वह सीनियर सिटीजंस को इन धोखेबाजों से बचाने के लिए कुछ करेगी। एक साल के भीतर ही उसने 'शील्ड सीनियर' नाम की वेबसाइट बना डाली।

**मल्टी-टैलेंटेड है तेजस्वी:** तेजस्वी बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। वह स्काउटिंग अमेरिका की सक्रिय सदस्य है। वह बहुत अच्छा वायलिन बजाती है। वह अपने स्कूल की ऑर्केस्ट्रा टीम में भी शामिल है। साथ ही एक एनजीओ के साथ मिलकर शरणार्थी बच्चों को गणित और अंग्रेजी पढ़ाती है।

बच्चो, तेजस्वी हमें इस बात के लिए प्रेरित करती है कि उम्र छोटी हो या बड़ी, अगर हम ठान लें तो किसी भी समस्या का हल खोज सकते हैं।*

---

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पापा तुमने कभी न जाना

पापा तुमने कभी न जाना
क्यों हम गुमसुम होते हैं।
मम्मी तुमने कभी न समझा
आखिर क्यों हम रोते हैं।
नींद नहीं पूरी हो पाती
सुबह जागना पड़ता है।
हड़बड़-तड़बड़ भारी बस्ता
लाद भागना पड़ता है।
सब कहते पढ़ने-लिखने को
विद्यालय हो चाहे घर।
कोई कभी नहीं कहता कि
बच्चों खेलो जी भरकर।
नहीं चाहिए हमें खिलौने
नहीं चॉकलेट, ना टॉफी
मम्मी प्यार करो, दुलराओ
बस इतना ही है काफी।
थोड़ा समय हमें दो पापा
धंधे से छुट्टी पाकर।
कभी तो बैठो पास हमारे
ऑफिस से जल्दी आकर।
पापा हमसे कहें कहानी
मम्मी हमको दुलराएं।
फिर तो हम खुश रहें हमेशा
कभी न रोएं, चिल्लाएं।


एआई इमेज

---



कहानी
गोविंद भारद्वाज

समझदारी और साहस हो तो बच्चे क्या नहीं कर सकते! यश और हर्ष ने एक बच्चे को टी-स्टॉल पर पिटते देखा तो दोनों ने जाकर उसे बचाया। पता चला टी-स्टॉल का मालिक उस बच्चे से बाल मजदूरी कराता है। क्या यश और हर्ष उस बच्चे की कोई मदद कर सके, टी-स्टॉल वाले को सबक सिखा सके?

## नन्हे जागरूक



यश और हर्ष दोनों सगे भाई हैं। वे हमेशा एक-दूसरे के साथ रहते हैं। स्कूल भी साथ ही आया-जाया करते हैं। उन दोनों भाइयों में आपस में बहुत प्यार है, कभी आपस में लड़ते-झगड़ते नहीं हैं। दोनों भाई समझदार और साहसी हैं। एक शाम दोनों भाई बाजार जा रहे थे। रास्ते में एक चाय की दुकान के सामने काफी भीड़ जमा देखी। यश ने पूछा, 'हर्ष, यहां पर इतनी भीड़ क्यों जमा है?'

'मुझे तो किसी लड़के की रोने की आवाज आ रही है। लगता है कोई किसी बच्चे को पीट रहा है।' हर्ष भीड़ से आ रहे शोर को ध्यान से सुनते हुए बोला।

दोनों भाई तेज कदमों से भीड़ के पास गए। उन्होंने देखा, एक आदमी दस-बारह साल के बच्चे को बुरी तरह से पीट रहा है। खड़ी भीड़ सिर्फ तमाशा देख रही है। कोई भी उस बच्चे को बचाने का प्रयास नहीं कर रहा है। यश और हर्ष को यह सब देखकर बहुत बुरा लगा। दोनों को बहुत गुस्सा आया। यश ने उस आदमी को रोकते हुए पूछा, 'अंकल, आप इस बच्चे को क्यों पीट रहे हैं?' 'तुम कौन होते हो मुझसे यह पूछने वाले... चलो फूटो यहां से।' आदमी गुस्से से बोला।

यह सुन यश-हर्ष को और ज्यादा तेज गुस्सा आ गया। यश ने बच्चे का हाथ पकड़ा और बोला, 'मैं हूं यश और यह है हर्ष। अब बताएं आप इसे क्यों मार रहे हैं?'

वह आदमी गुस्से से बोला, 'इसने मेरा नुकसान किया है।' 'कैसा नुकसान?' यश ने तुरंत पूछा।

'इसने कांच के गिलास धोते समय तोड़ दिए हैं।' वह आदमी, जो टी-स्टॉल का मालिक था, गुस्से से लाल होकर बोला।

'क्या आप इसे अपने टी-स्टॉल पर नौकर रखकर इससे जूठे गिलास, बर्तन धुलवाते हैं?' हर्ष ने कुछ तेज स्वर में पूछा। टी-स्टॉल वाला बोला, 'क्यों नहीं धुलवाऊं गिलास, कप-प्लेट, बर्तन। पूरे पांच सौ रुपए देता हूं इसे हर महीने।' हर्ष फिर पलट कर बोला, 'इसका मतलब यह हुआ कि आप एक गरीब बच्चे से मजदूरी करवा रहे हैं, बाल मजदूरी। आपको पता होना चाहिए कि छोटे बच्चे को मजदूरी पर रखना कानूनन जुर्म है?'

'जुर्म... कैसा जुर्म?' टी-स्टॉल वाले ने आश्चर्य और गुस्से से पूछा।

'इसकी पढ़ने की उम्र में आपने इसे काम पर रख रखा है। दूसरा यह कि यह नाबालिग है, फिर भी आपने इसे काम पर रखा है। ऊपर से आप इसे पूरा मेहनताना भी नहीं दे रहे हैं। ये सब अपराध की श्रेणी में ही आता है अंकल जी... ।' यश ने अंगुलियों पर चाय वाले के जुर्म गिना दिए। यश की ये सब कानूनी बातें सुनकर टी-स्टॉल वाले का दिमाग चकरा गया, उसने पूछा, 'तुम बच्चों को कैसे पता... ये कानूनी बातें?'

हर्ष ने मुस्कुराते हुए बताया, 'अंकल, समय-समय पर हमारे स्कूल में इस बारे में जानकारियां दी जाती हैं। टीवी-अखबारों में भी इन सब की जानकारी दी जाती है। एक और बात बताऊं अंकल?'

'कौन-सी बात?' टी-स्टॉल वाले ने तुरंत पूछा।

हर्ष ने बताया, 'हमारे पापा-मम्मी दोनों ही शहर के जाने-माने वकील हैं।'

यह सुनकर वह आदमी घबराने की बजाय उल्टे बच्चों पर बिगड़ उठा, 'एक तो इस बच्चे की गरीबी पर रहम खाते हुए हमने नौकरी दी, ऊपर से तुम लोग मुझे ही अपराधी ठहरा रहे हो। चलो भागो यहां से वरना... ।'

'वरना क्या, हमें मारोगे? हम इसे आपके चुंगल से छुड़वाए बिना कहीं नहीं जाने वाले। हमारी बात मान लो वरना हम पुलिस को बुलाएंगे।' हर्ष कड़े स्वर में बोला।

'बुलाओ पुलिस ... जो भी करना है करो। बड़े आए हैं मुझको धमकाने। इस टी-स्टॉल पर न जाने कितने पुलिसवाले, वकील और तुम जैसे रोज आते हैं चाय पीने, उन्होंनें कभी मुझे नहीं टोका।' टी-स्टॉल वाला बोला।

हर्ष तुरंत पास की एक परिचित दुकान में गया, वहां से फोन पर उसने पुलिस कंट्रोल रूम को पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद ही पुलिस की गाड़ी वहां आ गई। अब तो वहां खड़ी भीड़ को भी जोश आ गया। उन सबने टी-स्टॉल वाले के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया। यश और हर्ष की होशियारी और हिम्मत के सामने टी-स्टॉल मालिक की एक न चली। उस कप-प्लेट धोने वाले बच्चे ने पुलिस को टी-स्टॉल के मालिक की सारी करतूतें बताईं। पुलिस वाले तुरंत उसे थाने ले गए और बच्चे को बाल सुरक्षा गृह में भिजवा दिया गया। यश और हर्ष की जागरूकता और हिम्मत के कारण उस अनाथ बच्चे को बाल मजदूरी से छुटकारा मिल गया।

अगले दिन सभी अखबारों में यश और हर्ष की बहादुरी और समझदारी की खबर उनकी तस्वीरों के साथ छपी थी। जिला प्रशासन ने दोनों भाइयों को 'नन्हे जागरूक नागरिक' सम्मान देने की घोषणा की। कई दिनों तक शहर में यश-हर्ष की चर्चा होती रही।*

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बाल कथाओं की एक किताब 'हारिए न हिम्मत' कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें नौ कहानियां और महान देशभक्त, क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के जीवन की प्रमुख घटनाओं को संकलित किया गया है। इसके लेखक डॉ. दिनेश पाठक 'शशि' हैं। बच्चो, ये सभी कहानियां पढ़ने में रोचक तो हैं ही, इनसे तुम्हें अच्छे, समझदार और साहसी बनने की प्रेरणा भी मिलेगी। 'दादू आए खुशियां लाए' कहानी में रोहित की बाजारू खाना खाने की आदत को उसके दादाजी कैसे सुधारते हैं, इसे पढ़ सकते हो। किसी संकट के समय में भी धैर्य और साहस से दूसरे की मदद की जा सकती है, इसे 'हारिए न हिम्मत' कहानी में रोचक तरीके से बताया गया है। कुछ इसी तरह की कहानी 'पकड़ा गया चोर' है। इसमें नंदन कैसे बुद्धिमानी से चोर को पकड़वाता है, यह पढ़ सकते हो। दो भाइयों सागर, आकाश और उनकी पालतू बिल्ली किट्टी की मजेदार कहानी है 'और वह रोने लगी।' इस किताब में जानवरों पर आधारित भी दो कहानियां हैं। 'खों खों दादा सुधर गए' में गुस्सैल बंदर की कहानी है तो 'आलस का परिणाम बुरा' में डॉगी के बच्चे की कहानी है। इन सभी कहानियों को पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा।*




**पुस्तक:** हारिए न हिम्मत, **लेखक:** डॉ. दिनेश पाठक 'शशि', **मूल्य:** 350 रुपए, **प्रकाशक:** जान्हवी प्रकाशन, दिल्ली

---

## जीके क्विज-179



1. आईसीसी वूमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच कौन बनीं?
2. हाल ही में रायपुर में छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का उद्घाटन किसने किया?
3. महाराष्ट्र में औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नया नाम क्या रखा गया है?
4. वर्ल्ड चिल्ड्रेंस-डे कब मनाया जाता है?
5. विश्व मधुमेह दिवस (वर्ल्ड डायबिटीज डे) कब मनाया जाता है?
6. किस पशु को रेगिस्तान का जहाज भी कहा जाता है?
7. इन दिनों सोनपुर का मेला किस राज्य में चल रहा है?
8. 'ग्रैंड मास्टर' शब्द का संबंध किस खेल से है?
9. श्रीलंका की राजधानी कहां है?
10. महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-179 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-178 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.हरमनप्रीत कौर, 3.रोहित शर्मा, 4.साने तकाइची, 5.न्यायमूर्ति सूर्यकांत, 6.अमित शाह, 7.अवतल लेंस, 8.कार्बन डाइऑक्साइड, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.LVM3-M5 (बाहुबली रॉकेट)

**जीके क्विज-178 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, चुनेंद्र-बालोद, रितेश-मटियारी, आद्या-मानपुर, मन्नत-कैथल, सौरभ-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, रोशन-रायपुर

---

## रंग भरो-189

**रंग भरो-189** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




रितेश, मटियारी


आशना, जांजगीर


प्रियांशु, रायपुर


ईशान, ई-मेल से


सूर्यांश, बिलासपुर


पराग, ई-मेल से

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, साकेत-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, रोहन-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

---

## रंग भरो 190





बच्चो, यहां गार्डन में साथ मिलकर दौड़ रहे बच्चों का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### शिकायत का गंभीरता से निपटान करें : नगराधीश

**नारनौल।** जिला व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में लघु सचिवालय में नगराधीश डा. मंगल सेन ने आमजन की शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में कुल 68 शिकायतें आई, जिनमें अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया। डॉ. मंगल सेन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत का पूर्ण गंभीरता के साथ निपटान करें।

### युवा महोत्सव में रहा बेहतर प्रदर्शन

**नांगल चौधरी।** मीरपुर यूनिवर्सिटी के निर्देशानुसार आरपीएस स्कूल बलाना में युवा महोत्सव कार्यक्रम में शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। प्राचार्य डॉ. अनिल यादव ने विजेता रहे प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## युवा महोत्सव झूमर-2025 का समापन, खूब दिखाई प्रतिभा

# बलाना का आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज चैम्पियन, डिग्री कॉलेज रनरअप रहा

*पूरे जोन के लगभग तीन हजार विद्यार्थियों का सात मंचों पर जोरदार प्रदर्शन*

**विश्वविद्यालय की तरफ से युवा महोत्सव विजेता महाविद्यालय को 21 हजार की राशि दी गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विजेता टीम ट्रॉफी के जश्न मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस कॉलेज बलाना में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के सौजन्य से हरी-भरी वादियों, अरावली की शैल मालाओं के बीच 8वां तीन दिवसीय जोनल युवा महोत्सव झूमर का अंतिम दिन ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवशाली महोत्सव में आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज बलाना ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीतकर अपनी सर्वश्रेष्ठता को एकबार फिर से साबित कर दिया है। पूरे जोन के लगभग तीन हजार विद्यार्थी विभिन्न सात मंचों पर अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे। विभिन्न कॉलेजों से आए इन प्रतिभागियों ने 46 इवेंट्स प्रतियोगिता में भाग लिया, जिससे यह युवा महोत्सव भारतीय व हरियाणवी संस्कार व धरोहर को दर्शाने वाला एक भव्य मंच सिद्ध हुआ। विश्वविद्यालय की तरफ से युवा महोत्सव विजेता महाविद्यालय को 21 हजार की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह, विशिष्ट अतिथि आरपीएस चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव, संस्था डिप्टी सीईओ कुनाल राव, डॉ. करण सिंह डीएसडब्ल्यू, डॉ. अदिति शर्मा डीवाईडब्ल्यू एवं डॉ. सुशांत असिस्टेंट डॉयरेक्टर एडीवाईडब्ल्यू रहे। विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि कॉलेज डायरेक्टर महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, डीन प्रो. आरएस यादव, प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान, डीन डॉ. हेमन्त कुमार रहे।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे परिणाम

क्लासिकल डांस में प्रथम आरपीएस इजि. कॉलेज, द्वितीय राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़, तृतीय आरपीएस डिग्री कॉलेज, चतुर्थ यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटिकरा, ग्रुप सॉंग इंडियन प्रथम आरपीएस डिग्री कॉलेज, द्वितीय राजकीय महाविद्यालय नारनौल, तृतीय यदुवंशी डिग्री कॉलेज महेंद्रगढ़, चतुर्थ राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़, हरियाणवी रागनी शोलो प्रथम राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल, द्वितीय आरपीएस इंजि. कॉलेज, तृतीय आरपीएस डिग्री कॉलेज, चतुर्थ राजकीय महाविद्यालय नारनौल, वन-एक्ट-प्ले प्रथम आपीएस इंजि. कॉलेज, द्वितीय आरपीएस डिग्री कॉलेज, तृतीय यदुवंशी डिग्री कॉलेज, चतुर्थ राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल, हिन्दी कविता प्रथम आरपीएस इंजि कॉलेज, द्वितीय वैद्यनाथ चौधरी राजकीय महिला महिद्यालय, इस प्रकार तीन दिन तक 46 प्रतियोगिता ने विभिन्न महाविद्यालयों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया जिसमे आरपीएस इंजि. कॉलेज बलाना 17 प्रतियोगिता में प्रथम रहा।

### युवाओं को नई पहचान दी : प्रो. दिलबाग सिंह

मुख्यातिथि प्रो. दिलबाग सिंह ने कहा कि युवा महोत्सव झूमर की अभूतपूर्व सफलता और आरपीएस कॉलेज को ओवरऑल चैंपियन का खिताब मिलने पर वह अत्यंत हर्षित है। यह केवल एक जीत नहीं, बल्कि क्षेत्र की प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की कठिन परिश्रम, समर्पण और अटूट सांस्कृतिक निष्ठा का प्रमाण है। प्रो. करण सिंह बताया कि तीन दिवसीय युवा महोत्सव में आरपीएस कॉलेज प्रबंधन समिति ने युवाओं को नई पहचान दी है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा यह विजय वास्तव में हमारे विद्यार्थियों के उत्साह, प्रेरणा और संस्कार की विजय है। विश्वविद्यालय युवा महोत्सव कॉलेज विद्यार्थियों के लिए उत्साह, प्रेरणा और संस्कार पैदा करने का उचित मंच है। सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। हमारे विद्यार्थियों ने जो समग्र प्रदर्शन किया है, वह उत्कृष्ट है। उन्होने सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को बधाई दी तथा बताया कि हमें लम्बी उड़ान भरने के लिए सदा सकारात्मक सोच मन में रखनी चाहिए। कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव ने बताया कि तीन दिवसीय झूमर युवा महोत्सव का सफल समापन और आरपीएस कॉलेज का चैंपियन बनना हमारे लिए एक अविस्मरणीय पल है। कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव ने बताया कि जिन्होंने झूमर महोत्सव को एक ऐतिहासिक सफलता दिलाई। उन सभी का तीन दिवसीय इस युवा महोत्सव में प्रत्येक प्रतिभागी को विशेष सुविधाएं व व्यवस्थाएं दी गई। डीन प्रो. आरएस यादव ने बताया कि युवा महोत्सव के दौरान कला और शिल्प प्रतियोगिताओं का माहौल भी बेहद उत्साहपूर्ण रहा, जिसने विद्यार्थियों को रचनात्मकता को एक मूर्त रुप देने का अवसर दिया।

**डीसी ने की विकास कार्यों की समीक्षा**

## विकास परियोजनाओं को तेज गति प्रदान करें अधिकारी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उपायुक्त साहिल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अनेक विकासपरक परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। संबंधित विभागों के अधिकारी इन परियोजनाओं को और अधिक तेजी प्रदान करें। प्रदेश सरकार की योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी। डीसी गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला में चल रहे विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में जरूरी निर्देश दे रहे थे। बैठक में डीसी ने सीएम विंडो की शिकायतों के निवारण की समीक्षा, राजस्व मामलों का शीघ्र निपटान, विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करना और अतिक्रमण के मामलों की विस्तार से समीक्षा की।

डीसी ने सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों के प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश दिए।

# अंधेरे में डूबी दादू नगरी, रोड पर एक्सीडेंट व शहर में चोरियों का डर

- मेंटेनेंस के टेंडर छोड़े जाने के बावजूद स्ट्रीट लाइटों के हालात खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा में खराब पड़ीं स्ट्रीट लाइटें। फोटो : हरिभूमि

बवानी खेड़ा दादू नगरी इन दिनों अंधेरे में डूबी हुई नजर आ रही है जिससे लोगों को मार्ग पर एक्सीडेंट व घरों व दुकानों में चोरियों का भय सताने लगा है। शहरवासियों में हनुमान पारासर, सोमबीर वाल्मीकि, समुन्द, संजय कुमार, बीरमती, धनपती आदि ने बताया कि हांसी चुंगी से लेकर नागरिक अस्पताल मुख्य मार्ग पर हाईमास्ट व स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं जिस पर लाखों रूपया खर्च किया गया है। समय-समय पर मेंटेनेंस के टेंडर भी छोड़े जाते हैं लेकिन ये पोल पर लगी लाइटें शोपीस बनकर रह गई हैं। रात्रि के समय भी यहां अंधेरा रहता है व राहगीरों व वाहन चालकों को एक्सीडेंट होने का भय बना रहता है। नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि जल्द ही लाइटों की व्यवस्था को दुरुस्त करवाया जाएगा ताकि शहरवासियों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**प्रथम पुरस्कार (कार, 1 नग )**

1. ब्रिज शंकर सुपुत्र श्री मानव लाल आहूजा, न्यू मॉडल टाऊन, हिसार

**द्वितीय पुरस्कार (स्कूटी, 2 नग )**

1. नैनिका मौर्या सुपुत्री श्री उत्कर्ष मौर्या, हालू बाजार, भिवानी
2. उदयभान सुपुत्र श्री देवदत्त शुक्ला, लाईन पार एरिया, बहादुरगढ़

**तृतीय पुरस्कार (एलईडी टीवी, 2 नग )**

1. श्रीमति मंजू पत्नी श्री विनोद कुमार, म.नं. 1564, एनएचबी कॉलोनी, रोहतक
2. समर तायल सुपुत्र श्री भुनेश्वर तायल, आदर्श नगर, महेन्द्रगढ़

**चौथा पुरस्कार (रेफ्रीजरेटर, 2 नग )**

1. दरिया सिंह सुपुत्र श्री हरिराम, 232/28, मालवीय नगर, सोनीपत
2. प्रथम कुमार साहू सुपुत्र श्री दिवांकर साहू, नजदीक तालाब चौक, झज्जर

**पांचवा पुरस्कार (वाशिंग मशीन, 2 नग )**

1. जितेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री बिशम्बरदयाल, गौतम नगर, रेवाड़ी
2. रेयांश माथुर सुपुत्र श्री प्रेमलाल माथुर, रतिया रोड़, फतेहाबाद

**छठा पुरस्कार (माईक्रोवेव ऑवन, 3 नग )**

1. आरती, म. नं. 119, धर्मबीर कॉलोनी, वार्ड नं. 3, घरौंडा, करनाल
2. महासिंह सुपुत्र श्री रणजीत सिंह, राजनगर, कैथल रोड, जीन्द
3. श्री दलबीर सिंह सुपुत्र कपूर सिंह, वार्ड नं. 1, हिसार बाईपास, शास्त्री नगर, रोहतक

**सातवां पुरस्कार (गैस स्टोव (2 बर्नर), 3 नग )**

1. सीमा धर्मपत्नी श्री राकेश जुलाना, जीन्द
2. लक्ष्मण दास नम्बरदार पुत्र श्री कंवरभान, दुजाना, बेरी, झज्जर
3. राम निवास सुपुत्र श्री बिरजू, गांव माजरा, भाखली, रेवाड़ी

**आठवां पुरस्कार (इंडक्शन कुक टॉप, 5 नग )**

1. श्री सोमदत्त त्यागी सुपुत्र श्री मनजीत राम त्यागी, 449 बी, ओल्ड डीसी रोड, सोनीपत
2. श्रीमति ओमवति सुपुत्र भूप सिंह, गांव व डा. बलंभा, तह. महम, रोहतक
3. सचिन सुपुत्र श्री रत्तन लाल, मौहल्ला मिराजी, शिव नगर, वार्ड नं. 20, नारनौल, महेन्द्रगढ़
4. आदित्य वर्मा पुत्र श्री भीम सिंह निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी
5. राजबीर, श्री वीर सहाय, भट्टू रोड, मुलाना सिनेमा, फतेहाबाद

**नौंवा पुरस्कार (रुम हीटर, 5 नग )**

1. लेखपाल सुपुत्र श्री रामदिया, बख्तावरपुर, सोनीपत
2. चेतना देवी धर्मपत्नी श्री नरेन्द्र, महराना, झज्जर
3. चन्द्रभान पुत्र श्री रतन सिंह, निवासी दुल्हेड़ा, जिला झज्जर
4. फिलीना गाहलयान पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह, मकान नं. 11, पार्क कालोनी, भिवानी
5. रोहताश पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी गांव दौलतपुर जिला हिसार

**दसवां पुरस्कार (प्रेशर कूकर, 5 नग )**

1. दीपांशु सुपुत्र श्री दुष्यंत कुमार, गांव गोलिका, मनेठी, रेवाड़ी
2. श्री रणधीर सिंह सुपुत्र चेतन सिंह, वार्ड 6, कलानौर, रोहतक
3. राधा कृष्ण पुत्र श्री सूरजभान, मकान नं. 1446/12 क्वार्टर रोड, शिव मंदिर के पास, हिसार
4. राजबीर सिंह पुत्र श्री होश्यार सिंह, गांव बामनौली, बहादुरगढ़, जिला झज्जर
5. सुरेश कुमार सुपुत्र श्री मुखराम प्रजापत, वार्ड नं. 6, पुराना बाजार, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़

### आवश्यक सूचना

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी

फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

# डॉ. अंबेडकर स्मारक समिति के प्रशासक व निर्माण कार्यों की विजिलेंस जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। डीसी से मुलाकात करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के पूर्व प्रधान सुन्दर लाल जोरासिया ने की। बैठक में संस्था की वर्तमान स्थिति और प्रशासनिक अनियमितताओं पर गंभीर चर्चा की गई। इसके बाद उन्होंने डीसी को एक ज्ञापन भी दिया। पूर्व प्रधान सुंदरलाल जोरासिया ने कहा कि संस्था में लंबे समय से नियुक्त प्रशासक ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर निर्माण कार्यों में अत्यधिक रुचि दिखाई है, जबकि 23 मई 2025 की महानिदेशक चंडीगढ़ की अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि प्रशासक की भूमिका केवल संस्था की नियमित प्रशासनिक गतिविधियों तक सीमित है। उन्होंने आदेश में यह भी बताया गया कि अधिसूचना के अनुसार किसी भी संस्था का प्रशासक का कार्यकाल अधिकतम छह माह का होता है, यदि वह इस अवधि में चुनाव कराने में असफल रहता है तो उसका कार्यकाल बढ़ाया नहीं जा सकता, किंतु वर्तमान प्रशासक डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति में दो वर्षों से अधिक समय से पद पर बने हुए हैं।

### चुनाव कराए जाएं

लोगों ने कहा कि जिला रजिस्टर द्वारा नियुक्त प्रशासक ने अपने कार्यकाल के दौरान एक एडहॉक समिति गठित की है, जबकि एचआरआरएस एक्ट 2012 के अनुसार या तो प्रशासक नियुक्त किया जा सकता है या एडहॉक समिति दोनों एक साथ नहीं हो सकते। उन्होंने मांग की है कि सामाजिक संस्था के कार्यकर्ताओं की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित कर डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति के वर्तमान प्रशासक एवं निर्माण कार्यों की विजिलेंस जांच कराई जाए। साथ ही संस्था में शीघ्र नए प्रशासक की नियुक्ति कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव संपन्न कराए जाएं।

### डॉ. ओमप्रकाश की मनोवैज्ञानिक विषय पर पुस्तक प्रकाशित

**नारनौल।** संस्कृति इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन एंड टेक्नोलॉजी अमरपुर जोरासी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. ओमप्रकाश इंदिरा कॉलोनी ने अपने शोध पर आधारित मनोविज्ञान विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि के पश्चात अपनी प्रथम पुस्तक ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का मनोवैज्ञानिक विकास प्रकाशित की गई।

यह पुस्तक असोसिएटेड पब्लिशिंग हाउस आगरा के माध्यम से पब्लिश करवाई है। जिसमें उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं के मनोवैज्ञानिक विकास और उसमें आने वाली बाधाओं के बारे में बताया है। उन्होंने अपनी प्रथम बुक के प्रकाशन का श्रेय अपने पिता राजपाल वर्मा, माता ईश्वर देवी, भाई धीरज, धर्मपत्नी ममता के साथ-साथ पूरे संस्कृति कॉलेज के अध्यक्ष विनोद चौधरी लीलावती देवी, प्रिंसिपल डॉ. सुनीता सांगवान, डॉ. केके सैनी जी के साथ-साथ पूरे स्टाफ सदस्य को दिया है, जिनके उचित मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है।

# मित्रपुरा में घोड़ा बग्गी पर बैठाकर निकाला लड़कियों का बनवारा


मंडी अटेली। घोड़ा बग्गी पर बैठाकर लड़कियों का बनवारा निकालते हुए परिजन।

- पिता बोले-बेटियों के प्रति समाज में फैली कुरीतियां होंगी खत्म

**मंडी अटेली।** आज के समय में हम दिन-प्रतिदिन आधुनिकता की और अग्रसर होते जा रहे है, हमारे पूरे हिंदुस्तान में सभ्यता और संस्कृति की विशेष झलक देखने को मिलती है। इसी तरह की मिसाल गांव मित्रपुरा के सुरेश कुमार खोवाल ने बेटा-बेटी के फर्क को दूर करने के लिए व लोगों को बेटियों के प्रति जागरूक करने के लिए अपनी दोनों बेटी का बनवारा बैंड-बाजों के साथ घोड़ी बग्गी गांव में निकाला। इस मौके पर लड़कियों के दादा बिजली विभाग से सेवानिवृत भुरूमल खोवाल ने बताया किआज के समय बेटियां बेटों से बिल्कुल कम नहीं है। शिक्षा, सेना व खेल के क्षेत्र के साथ-साथ, अन्य विभिन्न क्षेत्रों में भी लड़कियों का विशेष योगदान है। अब समय बदल गया और बेटा व बेटी को एक समान सम्मान दिया जाने लगा है। लड़की के चाचा एडवोकेट सुनील कुमार ने बताया कि बताया कि अब लड़का और लड़की के बीच भेदभाव की पुरानी परंपराएं समाप्त हो रही हैं।

# शिकायतों का समाधान करने में नागरिकों के अनावश्यक चक्कर न लगवाएं : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


समाधान शिविर में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते सीईओ अजय चोपड़ा।

वीरवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में सीईओ अजय चोपड़ा की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित हुआ। सीईओ चोपड़ा ने विशेषकर क्रीड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पीपीपी व अन्य सामाजिक पेंशन से संबंधित शिकायतों के समाधान करने के दौरान आमजन के अनावश्यक चक्कर न कटवाएं। सीईओ चोपड़ा के समक्ष पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने शहर में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवाने व सरकुलर रोड पर ग्रील लगवाने, एसके सिंगला ने सेक्टर-23 में सफाई कर्मचारी नियुक्त करवाने, बैंक कालोनी निवासी कमला देवी व बीरसिंह ने बिजली का मीटर तेज चलने की जांच करवाने, गीता ने गुलाबी कार्ड बनवाने, हंसराज ने कालुवास से गुजरानी को जाने वाले रोड की मरम्मत करवाने की शिकायत की। वहीं बावडी चौक निवासी राकेश ने रोड से गढ्ढे भरवाने, पुराना बस स्टैंड निवासी राजेश ने घर में आगजनी से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने, सुरेन्द्र ने बिजली चोरी का फर्जी केस हटवाने, राजेन्द्र ने चकबंदी में नाम दर्ज करवाने, सोमबीर ने विधुर पेंशन बनवाने, तालु निवासी विनोद ने खेतों से पानी निकासी करवाने, कलावती ने बच्चों की बकाया पेंशन दिलवाने, प्रदीप गुलिया ने बैंक कालोनी में ब्लाक सीवरेज को दुरुस्त करवाने, सुनील वर्मा ने स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सक उपस्थित न होने व मरीजों के बैठने का प्रबंध आदि से संबंधित समस्या, अजीत ने गली से बिजली का खंभा हटवाने और मीना, नीलम, स्वाति, प्रवारी, कालूराम व सत्यवान ने पीपीपी दुरूस्त करवाने से संबंधित समस्या रखी। सीईओ ने नागरिकों की समस्याओं को एक-एक कर गौर से सुना और अधिकारियों को इस विषय में निर्देश दिए।

### मोबाइल सेवाएं बाधित

**कनीना।** क्षेत्र में बीएसएनएल संचार कम्पनी की मोबाइल सेवाएं पिछले दिनों से बुरी तरह से प्रभावित हैं। नेटवर्क एवं फ्रीक्वेंसी की समस्या होने से मोबाइल कनेक्टिविटी बीच में टूट रही है, कॉल लगातार ड्रॉप आउट या वन वे हो रही है। बीएसएनएल मोबाइल उपभोक्ता ने बताया कि बीएसएनल सिम कार्ड से कॉल पूरी नहीं रही है।

**सूचना**

मैं, रेनू कलां पत्नी श्री दिनेश कुमार निवासी ढाणा रोड गली न. 01, वार्ड न.-10 भिवानी बयान करती हूँ मेरे पति के पासपोर्ट में मेरा नाम रेनू है जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व दसवीं के प्रमाण पत्र में मेरा नाम रेनू कलां है जो की सही व दुरुस्त है। भविष्य में मुझे रेनू कलां के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप

### किसानों की समस्याओं का मूल कारण है टिकैत परिवार : कुलदीप

**भिवानी।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कुलदीप फौगाट ने कहा कि भाकियू नेता राकेश टिकैत जर्मनी देश के यहूदियों की तरह है, जो अपने देश में गलत नीतियों से आर्थिक व जनहानि पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि जर्मन में यहूदी ही बड़े पदों पर विराजमान थे तथा वहां के जर्मनी लोग या तो सैनिक थे या किसानी करते थे, ये सब देखकर जर्मन के लोगों ने यहूदियों से बाहर किया तथा जो आज इजरायल नाम का देश है। उन्होंने कहा कि राकेश टिकैत के गलत निर्णय से किसान आंदोलन में 750 से ज्यादा किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ी तथा टिकैत परिवार की तीसरी पीढ़ी है, जो किसानों का शोषण करती आ रही है।

### बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा 20 को आएगी बड़वा : भेरा

**तोशाम।** लोहारू हलके में पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। यह यात्रा 20 नवंबर को गांव बड़वा पहुंचेगी। हल्के के वरिष्ठ कांग्रेस नेता करण सिंह भेरा ने बताया कि यात्रा के भव्य स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। इसके लिए गांव-गांव जाकर कार्यकर्ता प्रचार अभियान चला रहे हैं और लोगों को बड़ी संख्या में यात्रा स्थल पर पहुंचने का निमंत्रण दिया जा रहा है। करण सिंह भेरा ने कहा कि बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा हरियाणा में भाईचारे, एकता और समर्पण का प्रतीक है। इस यात्रा से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और जनून का संचार होगा।

### हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना को लेकर हुई ऑनलाइन समीक्षा

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना-2022 पर गठित निगरानी समिति की ऑनलाइन समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। सीजेएम पवन कुमार ने हिट एंड रन मोटर दुर्घटनाओं के मामलों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना-2022 के अंतर्गत पीड़ितों को मुआवजे के बारे में जागरुकता पैदा करने और योजना के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी के बेहतर तरीके की जानकारी दी।

### वोट चोरी मुद्दे पर कांग्रेस का प्रदर्शन 25 को

**चरखी दादरी।** वोट चोरी के मुद्दे पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चल रहे देशव्यापी आंदोलन के मद्देनजर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अगुवाई में 25 नवंबर को दादरी में प्रदर्शन करेंगे और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपेंगे। जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नवनियुक्त जिला कॉर्डिनेटर सतपाल दहिया ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील धानक की अध्यक्षता में बैठक में दी। प्रदर्शन से पहले दादरी की रासीवासिया धर्मशाला में सुबह 11 बजे अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, आयोजन कमेटी के चेयरमैन राव दान सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

### निमोनिया से बचाने के लिए सांस अभियान शुरू

**चरखी दादरी।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सांस अभियान का शुभारंभ किया है। अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। यह अभियान उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाले निमोनिया से मृत्यु दर को कम करना और समुदाय स्तर पर रोकथाम, पहचान व उपचार को मजबूत बनाना है। कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉ. नरेश ने जानकारी देते हुए बताया कि ये अभियान बच्चों में निमोनिया की शीघ्र पहचान, समय पर इलाज व जागरूकता को बढ़ावा देने पर केंद्रित रहेगा। स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिला के शहरी और ग्रामीण इलाकों में जाकर घर-घर जागरुकता अभियान चलाएंगी।

## डीसी साहिल गुप्ता ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए

# हेल्प डेस्क से पेपरलेस रजिस्ट्री के बारे में करें जागरूक : गुप्ता

लघु सचिवालय के वीसी रूम में पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली की समीक्षा बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी तहसीलों में हेल्प डेस्क स्थापित की जाएं। इसके साथ-साथ राजस्व अधिकारी नागरिकों को पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली के बारे में जागरूक करें और नागरिकों को समझाएं कि वे पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रामक प्रचार पर गौर न करें। डीसी गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली की समीक्षा बैठक उपरांत राजस्व विभाग के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी गुप्ता ने बताया कि सरकार के आदेशानुसार जिले के सभी रजिस्ट्री कार्यालय पूरी तरह से कार्यरत हैं और रजिस्ट्री प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने से न केवल समय की बचत हुई है, बल्कि अनावश्यक दस्तावेजी औपचारिकताओं में भी कमी आई है। नागरिक अब ऑनलाइन आवेदन, सत्यापन व नियुक्ति तिथि प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें रजिस्ट्री कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।



वीसी रूम में पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली की समीक्षा करते डीसी साहिल गुप्ता।

### पेपरलेस रजिस्ट्री ने बदली रजिस्ट्री प्रक्रिया की तस्वीर : डीसी

**चरखी दादरी।** जिले में सभी रजिस्ट्री कार्यालय सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं और सभी स्थानों पर पेपरलेस रजिस्ट्री सेवाएं जारी हैं, जिससे नागरिकों को निर्बाध सेवा सुनिश्चित की जा रही है। इससे लोगों को पारदर्शी, समयबद्ध व जनहितैषी व्यवस्था मिली है। राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के लिए बेहतरीन व्यवस्था परिवर्तन है, ये नया पेपरलेस सिस्टम नागरिकों के लिए रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी व समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि नए प्रावधानों के तहत आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के लिए विभाग को पांच कार्य दिवसों का समय निर्धारित किया है। वीडियो कांफ्रेंस के बाद उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि विभाग ने नागरिकों एवं अधिकारियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर कई सुधार किए हैं। कुछ गांवों में भूमि डेटा की त्रुटियां और डुप्लिकेट प्रविष्टियां ठीक की गई हैं। नगर सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में एनओसी की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि पार्टनरशिप या कोलैबोरेशन डीड के लिए अक्षर सीमा बढ़ा दी, ताकि सभी शर्तें और नियम पूरे रूप में दर्ज किए जा सकें। पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड सीमा 10 से बढ़ाकर 40 एमबी कर दी है। इसके अलावा रिवर्ट विद ऑब्जेक्शन फीचर शुरू किया जाएगा, जिससे आवेदक बिना अतिरिक्त शुल्क अपने दस्तावेजों में सुधार कर पुनः अपलोड कर सकेंगे।



### जिला में पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली सुचारू रूप से संचालितः डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने कहा है कि सरकार के आदेशानुसार कि जिले के सभी रजिस्ट्री कार्यालय पूरी तरह से कार्यरत हैं और पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली के तहत नागरिकों को हर संभव पेपरलेस रजिस्ट्री सेवाएं दी रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लागू की गई यह प्रणाली पारदर्शिता, समयबद्धता और नागरिक सुविधा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उपायुक्त ने बताया कि पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली के शुभारंभ के बाद से जिले में बड़ी संख्या में आवेदनों की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। रजिस्ट्री प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाए जाने से न केवल समय की बचत हुई है, बल्कि अनावश्यक दस्तावेजी औपचारिकताओं में भी कमी आई है। नागरिक अब ऑनलाइन आवेदन, सत्यापन और नियुक्ति तिथि प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें रजिस्ट्री कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। नागरिक भ्रामक प्रचार पर ध्यान ना दें। आवेदन पत्रों की जांच पांच कार्य दिवसों में पूरी हो रही है और नागरिकों को हर संभव निर्धारित समय के भीतर रजिस्ट्री प्रमाणपत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

## विधायक ने शहर का दौरा कर कार्यों का लिया जायजा

सेक्टर-8 में 45 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण के बारे में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

विधायक सुनील सांगवान ने वीरवार को दादरी शहर का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ जनस्वास्थ्य व एचएसवीपी विभाग के अधिकारी साथ रहे और निर्माणाधीन विकास कार्यों के अलावा विकास कार्य शुरू करने को लेकर मंथन किया और उचित दिशा-निर्देश दिए। विधायक सुनील सांगवान ने पुराना शहर, सेक्टर 7 व 8 का दौरा कर इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में निर्माणाधीन सभी विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक ने अधिकारियों को हुडा सेक्टर-8 में 45 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण, रविदास नगर से कलियाणा मोड़ तक के मार्ग का निर्माण, हुडा सेक्टर-9 की 24 मीटर चौड़ी सड़क के अलावा गामड़ी से 148बी हाईवे तक बनने वाली सड़क का निर्माण करने बारे निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में चल रहे विकास परियोजनाओं की साइट पर जाकर एक-एक कर निरीक्षण किया।

## राज्यस्तरीय बैंडमिंटन में 10 वर्षों बाद भिवानी के खिलाड़ी ने जीता पदक



भिवानी। अपने कोच महेश शर्मा के साथ पदक विजेता अरिहान।

- राज्यस्तरीय बैडमिंटन में बर्डी बैडमिंटन अकादमी के अरिहान ने जीता कांस्य पदक
- कड़ी मेहनत, लगन व अनुशासन का परिणाम है अरिहान की उपलब्धि : कोच महेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

फरीदाबाद में 8 से 11 नवंबर तक हुई 58वीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बजरंग बली कॉलोनी स्थित बर्डी बैडमिंटन अकादमी के खिलाड़ी अरिहान ने अंडर-11 आयु वर्ग में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खिलाड़ी अरिहान ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अंडर-11 आयुवर्ग में कांस्य पदक जीता। अरिहान की जीत भिवानी के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में जिले के किसी भी खिलाड़ी ने बैडमिंटन की स्टेट प्रतियोगिता में कोई पदक प्राप्त नहीं किया था। अकादमी के संचालक कोच महेश शर्मा ने बताया कि अरिहान ने अपने खेल के दौरान गजब का धैर्य, तकनीक और जुनून दिखाया, जिससे वह मेडल जीतने में सफल रहे। अरिहान के पिता अरुण शर्मा भी अपने बेटे की इस कामयाबी से बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने बेटे को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### देश को आत्मनिर्भर बनाना है : कौशिक

**तोशाम।** भाजपा के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत गांव कुसुंभी में एक कार्यशाला का आयोजन सरपंच राजबाला शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। भाजपा बापोड़ा मंडल के अध्यक्ष जगत कौशिक ने शिरकत की। कौशिक ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान भारत सरकार की एक अच्छी पहल है जिसका उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रदीप घूसकानी और महामंत्री रेखा राघव और सुनील शास्त्री ने आत्मनिर्भर भारत के बारे में अपने विचार रखे। इस अवसर पर सूरजभान वर्मा, एडवोकेट राजेश जांगड़ा, मंडल उपाध्यक्ष कैप्टन जयवीर, चित्रपाल सिंह, दिलीप शर्मा, सुमेर बीरन, सरपंच सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## समाधान शिविर बन रहे आमजन के विश्वास का प्रतीक : प्रीति रावत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में जनसेवा को समर्पित समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन के लिए विश्वास और संतोष का प्रतीक बन रहे हैं। शिविर के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। जिला परिषद के सीईओ डॉ. विरेन्द्र सिंह और सीटीएम प्रीति रावत ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठकर आमजन की शिकायतों को सुनते हुए समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया। समाधान शिविर में शिक्षा विभाग, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी, पेंशन और पुलिस से संबंधित शिकायतें आईं, जिनका उचित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द निवारण करवाने के निर्देश दिए।



चरखी दादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनते सीटीएम व सीईओ।

### रेलवे यूनियन के कर्मचारी 17 को करेंगे विरोध प्रदर्शन

**भिवानी।** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के बैनर तले 17 नवंबर को उत्तर पश्चिम रेलवे स्थित विभिन्न रनिंग लॉबी पर रेलवे बोर्ड द्वारा रनिंग कर्मचारियों के मुद्दों पर निर्णय नहीं लिए जाने एवं जोनल प्रशासन द्वारा मनमर्जी से कार्यवाही करने के विरुद्ध रेल कर्मचारी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर ने बताया कि आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की कोलकाता में विगत दिनों संपन्न कार्यकारिणी की बैठक में लिए निर्णय अनुसार प्रदर्शन पूरे देश में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महंगाई भत्ते के 50 प्रतिशत हो जाने पर 25 प्रतिशत की दर से सभी भत्तों में वृद्धि कर दी गई है, लेकिन रनिंग कर्मचारियों के किलोमीटर भत्ते में अभी तक वृद्धि नहीं हुई है।

## बदलाव की पाठशाला में बाल दिवस पर नशामुक्ति पर भाषण स्पर्धा

# भाषण में आठवीं से डिपंल और नौवीं से अनुष्का प्रथम

विद्यार्थियों को नशामुक्त व जागरूक बनाना ही असली बदलाव की शुरुआत : पिंकू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

गांव घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में बदलाव की पाठशाला के अंतर्गत बाल दिवस पर वीरवार को नशामुक्ति अभियान पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक के रूप में तैयार करना था। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से नशामुक्त भारत के निर्माण का संदेश दिया। इस दौरान कक्षा नौवीं से अनुष्का प्रथम, रितु द्वितीय, निशा तृतीय, आठवीं से डिंपल व विनय प्रथम, मीनू व शीनू द्वितीय, शालू व अतुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सातवीं कक्षा से रेहाना प्रथम, गुंजन द्वितीय, धोलो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को लेखन सामग्री देकर सम्मानित किया। वहीं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप विशेष सम्मान और लेखन सामग्री प्रदान की।




भिवानी। बदलाव की पाठशाला में भाषण प्रतियोगिता में प्रस्तुति देता विद्यार्थी।

### बच्चों को सही दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया

मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार ने बच्चों को जीवन में अनुशासन, खेल और शिक्षा के माध्यम से सही दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। अंत में बदलाव की पाठशाला के संयोजक शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने कहा कि बच्चे ही राष्ट्र का भविष्य हैं, उन्हें नशामुक्त और जागरूक बनाना ही असली बदलाव की शुरुआत है। बाल दिवस सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं तथा स्वच्छ विचारों, सशक्त संकल्प और उज्जवल कल के प्रतीक। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका विज्ञान अध्यापक अनिल शर्मा व बबीता देवी ने निभाई तथा मंच संचालन शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मी, गुड्डी, अनिल शर्मा, विजेंद्र, नवीन ढांडा, विमला देवी, सुमन व सुदेश आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### विधवा महिलाओं के अधिकारों के बारे निर्देश दिए

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में ऑनलाइन विडो सेल के क्रियान्वयन को लेकर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में संचालित विडो सेल सिस्टम के अंतर्गत विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने संबंधी कार्यों की समीक्षा की। सीजेएम पवन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा विधवा महिलाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें विधवा पेंशन योजना प्रमुख है।



### श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचन्द की अध्यक्षता तथा संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ. लक्ष्मी के कुशल निर्देशन में संस्कृत मंत्र एवं श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतिभागियों के मन्त्र एवं श्लोकोच्चारण ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें प्रमुख रूप से नीतिशतक, गीता के श्लोक तथा शिव स्तोत्र का गायन किया। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर अजीत कुमार ने बताया कि श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रियंका ने प्रथम, खुशबू ने द्वितीय तथा काजल व खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मन्त्रोच्चारण प्रतियोगिता में प्रियंका ने प्रथम, मोनिका ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में डॉ. मञ्जु मान, हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर धर्मपाल व डॉ. भामा अग्रवाल के अतिरिक्त प्रोफेसर बबीता, प्रोफेसर सुशीला व प्रोफेसर प्रीति मौजूद रहे।



### गरिमा और रितिक पोस्टर मेकिंग में बने विजेता

**चरखी दादरी।** आरईडी विद्यालय में अंतर विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, आत्मविश्वास तथा सृजनात्मक प्रतिभा का विकास करना था। इन प्रतियोगिताओं में आरईडी विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागी विद्यार्थियों काशवी, जेनिफर, राम, अवंतिका, अर्पित, यशिता, रितिका, युक्ति, आरव, हिमांशी, गरिमा, प्रगति, परी ,परिधि, वेदांश, छवि, नयांश, देव, वत्सल, प्रियांशु व आहना ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन किया। काशवी ने वाद-विवाद में तृतीय, गरिमा और रितिक ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, आरव ने पोस्टर मेकिंग में द्वितीय, देव ने चैस में प्रथम व वत्सल ने के चैस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि ये सफलता विद्यार्थियों की लग्न और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।




### बीके विद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

**बवानी खेड़ा।** बी.के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानी खेड़ा में एन.एस.एस. प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयं सेवकों ने विद्यालय प्रांगण तथा विद्यालय के बाहर साफ-सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। इसके साथ-साथ ईको-क्लब की प्रभारी दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक खुराना, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि जगदंबा महता, भाजपा मंडल अध्यक्ष बवानी खेड़ा से पी.के. राणा विद्यालय में पधारें। विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने स्वयं सेवकों के द्वारा किए गए इस उत्कृष्ट कार्य की सराहना की एवं भविष्य में भी उन्हें समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अपने श्रमदान द्वारा समाज की सेवा सर्वोत्तम सेवा है। इस अवसर पर मनीष शंकर, वरिष्ठ विभाग को-ऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक आदि विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



### नर्सरी से पांचवीं के छात्रों ने दिखाई खेल प्रतिभा

**चरखी दादरी।** बीआर शिक्षण संस्था बिरहीकलां में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ हुआ। समारोह का शुभारम्भ संस्थान के चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज और कोऑर्डिनेटर सुजीत वशिष्ठ ने किया। इन प्रतियोगिताओं में कछुआ दौड़ के दौरान नन्हें बच्चों ने धीरे-धीरे दौड़कर सबको खूब हंसाया। वहीं मेंढक दौड़ में बच्चों ने कूद-कूद कर रेस पूरी की। बुक बैलेंसिंग रेस और नींबू चम्मच दौड़ में छात्रों ने सिर पर किताबें संतुलित करते हुए एकाग्रता का प्रदर्शन किया। गुब्बारे के साथ दौड़ में बच्चों ने गुब्बारे को संभालते हुए तेजी से दौड़ लगाई। चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेल हमें अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व कौशल और संघर्ष की स्थिति में संयम बनाए रखने की सीख देते हैं। बीआर शिक्षण संस्थान का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है।



### प्राथमिक चिकित्सा जीवन दायिनी पद्धति : डॉ. गोयल

**भिवानी।** प्राथमिक चिकित्सा के मूल सिद्धांतों की अगर हमें जानकारी हो तो हम किसी की जान भी बचा सकते हैं। वास्तव में प्राथमिक चिकित्सा एक जीवन दायिनी पद्धति है। यह बात इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा रेडक्रॉस भवन में आयोजित पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे वैश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहे। डॉ. गोयल के निर्देशन में यूथ रेडक्रॉस यूनिट के विद्यार्थियों ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भागीदारी की। कॉलेज की यूथ रेडक्रॉस कमेटी के संयोजक डॉ. विपिन गुप्ता ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी ने जिला स्तर पर सभी महाविद्यालय से न्यूनतम 5-5 विद्यार्थियों को रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में आमंत्रित किया था। इस मौके पर यूथ रेडक्रॉस महिला शाखा की संयोजिका डॉ. आशा रानी, प्रोफेसर सविता जैन, टीम संयोजिका डॉ. तारा जोशी एवं डॉ. सीमा बंसल ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।